एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

खानदानी शफाखाना लोगों को सोचने पर मजबूर कर देगी: सोनाक्षी

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म खानदानी शफाखाना लोगों को यह सोचने पर मजबूर कर देगी कि क्यों समाज में आज भी सेक्स एक टैबू है। फिल्म की निर्देशक शिल्पी दासगुप्ता ने कहा, खानदानी शफाखाना एक जवान लड़की की कहानी है जिसे पंजाब में उसके मृत चाचा का सेक्स क्लिनिक विरासत में मिलता है।

सिन्हा ने बताया, फिल्म की एक-लाइन की पिच सुनने पर—एक लड़की की कहानी जिसे उसके चाचा का सेक्स क्लिनिक विरासत में मिलती है-मुझे लगा कि किसी ऐसी फिल्म के लिए वे मुझसे संपर्क भी कैसे कर सकते हैं। सोनाक्षी ने आगे कहा, लेकिन जब मैंने पूरी कहानी सुनी, मैंने कहा कि मुझे यह फिल्म जरूर करनी चाहिए क्योंकि यह एक बहुत ही प्रासंगिक और महत्वपूर्ण विषय है जिस पर चर्चा की जानी चाहिए।

जब सोनाक्षी से यह पूछा गया कि क्या यह फिल्म समाज में सेक्स के टैबू को दूर कर पाएगी? उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता, लेकिन इस फिल्म को देखकर लोग इसके बारे में सोचना जरूर शुरू करेंगे। यह उस दिशा में एक कदम है। भूषण कुमार, महावीर जैन, मृगदीप सिंह लांबा और दिव्या खोसला कुमार फिल्म के निर्माता हैं और यह 2 अगस्त को रिलीज होगी।

किचन में वक्त बिताना अच्छा लगता है : रिशीना कंधारी

इशारों इशारों में की अभिनेत्री रिशीना कंधारी का कहना है कि किचन में कूकिंग और बेकिंग करते हुए वक्त बिताना अच्छा लगता है।

सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की आने वाली शो इशारों इशारों में की टीम ने हाल ही में अपने दूसरे प्रोमो की शूटिंग की। इस प्रोमो में पूरा परिवार और आस-पड़ोस के लोग योगी (अभिनेता मुदित नायर) के जन्मदिन को मनाने के लिए एकत्रित होते हैं।

इस सेलीब्रेशन को और मजेदार बनाने के लिए रिशीना किचन जाती है और शेफ की टोपी को पहनती है। रिशीना कार्यक्रम में योगी की बड़ी भाभी का किरदार निभा रहीं हैं, उन्होंने सेट पर सभी के लिए मफिन्स बनाया।

रिशीना ने एक बयान में कहा, खाना बनाना मेरी कई शौक में से एक है और किचन में कूकिंग और बेकिंग करते हुए वक्त बिताना अच्छा लगता है। मैं अकसर विभिन्न व्यंजनों के साथ प्रयोग करती रहती हूं और कुछ नए डिशेज बनाने का प्रयास करती हूं।

बोल्ड अंदाज़ में बीच पर नज़र आईं निधी अग्रवाल, अब तस्वीर हो रही है वायरल

अभिनेत्री निधी अग्रवाल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी अपकमिंग फिल्म आईस्मार्ट शंकर के नए गाने की कुछ झलकियां फैंस के साथ साझा की हैं. निधी अग्रवाली की ये तस्वीरें उंडीपो गाने की शूटिंग के दौरान की हैं. तस्वीरों में निधी अग्रवाल बोल्ड अंदाज़ में बीच पर नज़र आ रही हैं. आपको बता दें कि इस गाने की शूटिंग मालदीव में हुई है. गौरतलब है कि निधी अग्रवाल और राम पोतिनेनी की फिल्म आईस्मार्ट शंकर 18 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी. निधी अग्रवाल अपने इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव रहती हैं. यही वजह है कि उन्होंने गाने की शूटिंग की कुछ झलकियां अपने फैंस के साथ शेयर की हैं. इससे पहले भी निधी अपने इंस्टाग्राम अकाउंट के ज़रिए अपनी हॉट और सिजलिंग तस्वीरें शेयर करती रही हैं. बता दें कि निधी अग्रवाल ने हिंदी फिल्मों में फिल्म मुन्ना माइकल के साथ डेब्यू किया था. रिपोर्ट्स की मानें तो निधि को कथक और बेली डांस भी बहुत अच्छे से आता है. निधी के फैंस उनकी फिल्म आईस्मार्ट शंकर का काफी बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं.